राउल वेल (शि.लालेख) के नीचे के दाहिने कोने का पुष्प

मित्र प्रकाशन गौरव ग्रंथ माला—६

राउल वेल

और

उसकी भाषा

संपादक

माताप्रसाद गुप्त, एम० ए०, डी० लिट्०

प्रोफ़ेसर एवं अध्यक्ष, हिन्दी विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय

मित्र प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड, इलाहाबाद

प्रकाशक :
मित्र प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड,
इलाहाबाद।

मूल्य
पाँच रुपये

मुद्रक :
वीरेन्द्रनाथ घोष
माया प्रेस प्राइवेट लिमिटेड,
इलाहाबाद।

प्रकाशकीय वक्तव्य

'राउल वेल' (राजकुल विलास) ग्यारहवीं शताब्दी का एक प्रेम-काव्य है। इस रचना की सामान्य भाषा दक्षिण कोसली है। इसके रचनाकार का नाम रोड है। सम्पूर्ण रचना एक शिला पर उत्कीर्ण है। यह शिला धार (मालवा) में प्राप्त हुई थी और इस समय यह प्रिंस आफ़ वेल्स म्युज़ियम, बम्बई में रखी हुई है। यद्यपि शिला दाहिने और बायें किनारे पर कुछ क्षत हो गयी है फिर भी "शिलालेख निश्चित रूप में अपने समग्र रूप में प्राप्त है; और यह किसी और बड़े लेख का अंश मात्र नहीं है। यह इससे ज्ञात होता है कि लेख '(ॐ) नमः सिद्धे (भ्यः)' से प्राप्त है और लेख की अन्तिम पंक्तियों के दोनों छोरों पर कमल-वन के रूप में पुष्प बने हुए हैं, जिससे यह प्रकट है कि लेख इसी स्थान पर समाप्त हुआ है।"

प्रस्तुत शिलालेख का विषय कलचरि राजवंश के किसी सामंत की सात नायिकाओं का नखशिख वर्णन है। प्रथम नखशिख की नायिका का ठीक पता नहीं चलता। दूसरे नखशिख की नायिका महाराष्ट्र की और तीसरे नखशिख की नायिका पश्चिमी राजस्थान अथवा गुजरात की है। चौथे नखशिख में किसी टक्किणी का वर्णन है। पाँचवें नखशिख का सम्बन्ध किसी गौड़ीया से है और छठे नखशिख का सम्बन्ध दो मालवीयाओं से है। ये सारी नायिकायें इस सामंत की नव-विवाहितायें हैं।

'राउल वेल' का रचनाकार कवि रोड इसी सामंत का, इस कृति के नायक का ही बंदी था। वह एक वृद्ध, अनुभवी कवि था और उसने अपने आश्रयदाता को प्रसन्न करने के लिये ही इस श्रृंगारिक रचना को तैयार किया था।

१९४५ ई० में दामोदर पण्डित कृत 'उक्तिव्यक्ति प्रकरण' की भाषा के सम्बन्ध में लिखते हुए डा० सुनीतिकुमार चाटुर्ज्या ने कहा था—"जिस भाषा का विवरण इसमें दिया गया है, वह निस्सन्देह एक वास्तविक बोल-चाल की भाषा का उदाहरण है. . . और इसलिये 'उक्तिव्यक्ति प्रकरण' का मूल्य नव्य भारतीय आर्य भाषा शास्त्र के अध्ययन के लिये और भी अधिक है।" प्रस्तुत ग्रंथ के संपादक डा० माताप्रसाद गुप्त का कथन है कि, "यह उसी (उक्ति-व्यक्ति प्रकरण) प्रकार की दूसरी मूल्यवान् सामग्री है, जो यहाँ प्रकाशित की जा रही है; और कुछ बातों में उससे अधिक भी मूल्यवान् कही जा सकती है। यह 'उक्ति-व्यक्ति प्रकरण' से भी पूर्व की रचना है. . .एक कवि की कलापूर्ण अभिव्यक्ति है, जिसमें पद्य ही नहीं गद्य का भी प्रयोग उसके द्वारा अधिकार-पूर्वक किया गया है; और जिसके सम्बन्ध में एक बड़ी भारी बात यह है कि उसका पाठ शिलांकित होने के कारण अपने मूल रूप में सुरक्षित है।"

काव्य कला और रस की दृष्टि से इसका महत्व तो अधिक है ही, भाषा की दृष्टि से भी इसका महत्व सर्वाधिक है। भाषा शास्त्र के अध्येताओं और शोधकर्ताओं को इस शिलालेख के अनुशीलन से अनेक ज्ञातव्य बातें मालूम होंगी। शिलालेख में दक्षिण कोसली के अतिरिक्त अन्य नव्य आर्य भाषाओं के प्राचीनतम रूप देखने को मिल सकते हैं जिनका अनुशीलन करके भाषाओं के इतिहास में एक नवीन अध्याय जोड़ा जा सकता है। यह जान कर सहज ही आह्लाद होता है कि "कुछ नव्य भारतीय आर्य भाषायें ग्यारहवीं शती ईस्वी में ही इतनी प्रौढ़ हो चली थीं कि उनमें सरस काव्य-रचना हो सकती थी, वे केवल बोल-चाल की रचनायें नहीं रह गयी थीं।"

अपनी 'गौरव ग्रंथ माला' के अन्तर्गत ऐसी महत्वपूर्ण रचना को प्रकाशित करके मित्र प्रकाशन अपने को गौरवान्वित अनुभव करता है।

डा० माताप्रसाद गुप्त ने ऐसे महत्वपूर्ण ग्रंथ का संपादन करके भाषा एवं साहित्य के इतिहास में जो एक नवीन कड़ी जोड़ दी है, उसके लिये हिन्दी संसार उनका सदैव ऋणी रहेगा।

हमें आशा और विश्वास है कि यह ग्रंथ सर्वत्र समादृत होगा।

श्रीकृष्ण दास

उत्तर प्रदेश

के

मुख्य मंत्री

माननीय

श्री चन्द्रभानु गुप्त

को

सादर समर्पित

—माताप्रसाद गुप्त

विषय-सूची

पृष्ठ-संख्या

प्रस्तावना

प्राय: तीन वर्ष हुए, डॉ० हरिशंकर शर्मा ने, जो भूपाल कॉलेज, उदयपुर में प्राध्यापक हैं और उस समय मेरे निर्देशन में 'हिन्दी के आदिकालीन जैन साहित्य' पर कार्य कर रहे थे, प्रिंस आव् वेल्स म्यूज़ियम, बंबई से एक प्राचीन शिलालेख की छाप अपने उक्त कार्य के प्रसंग में मँगाई थी। देखने पर यह लेख स्वतंत्र अनुसंधान के लिए उपयुक्त प्रतीत हुआ, इसलिए मैंने इस पर कार्य करना प्रारंभ कर दिया। कुछ समय बाद, जब इसका संपादन मैंने अधिकांश में कर लिया था, मुझे ज्ञात हुआ कि भारतीय विद्या भवन, बंबई के डॉ० हरिवल्लभ चूनीलाल भायाणी इस पर मुझसे पूर्व से कार्य कर रहे थे। अत: इस संबंध में मैंने उन्हें लिखा। उन्होंने लिखा कि उनका कार्य भी समाप्तप्राय था और मेरे कार्य से पहले से चल रहा था, इसलिए उनका कार्य प्रकाशित हो जाता तब मैं अपना प्रकाशित करता। तदनुसार जब उन का कार्य १९५९ के जून–जुलाई में भारतीय विद्या भवन की मुख-पत्रिका 'भारतीय विद्या' में (भाग १७, अंक ३–४, पृ० १३०–१४६) प्रकाशित हो गया, तब मैंने अपना कार्य 'हिन्दी अनुशीलन' के धीरेन्द्र वर्मा अंक में प्रकाशित किया।

भायाणी जी ने अपने लेख में एक भूमिका देने के अनंतर शिलालेख का पाठ और अर्थ दिया था और मैंने भी इस लेख में यही किया था, किन्तु शिलालेख के संबंध के हम दोनों के विचारों और निष्कर्षों में पर्याप्त अंतर था। इस प्रकार के मतभेद को देखते हुए मैंने शिलालेख पर और अधिक पूर्णता के साथ कार्य करने की आवश्यकता समझी और उसी का परिणाम प्रस्तुत कृति है। इसमें रचना के विषय के समस्त अध्ययन को यथासंभव पूर्णता के साथ प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है।

इसमें न केवल रचना का पाठ और उसका अर्थ ही संशोधित रूप में दिए गए है, रचना की एक सम्पूर्ण शब्दानुक्रमणी भी शब्दों की व्युत्पत्ति, व्यवहृत अर्थ तथा स्थल-निर्देश के साथ दे दी गई है। भाषा के अध्ययन के प्रसंग में इसमें आने वाली सात भाषाओं के सम्पूर्ण व्याकरण-रूपों का अलग-अलग उल्लेख किया गया है और तदनंतर उनका तुलनात्मक विवरण प्रस्तुत करते हुए यह भी दिखाया गया है कि वे तत्कालीन अपभ्रंश और औक्तिक भाषाओं में कहाँ तक मिलते हैं। इसी प्रसंग में रचना की सामान्य भाषा पर भी विचार किया गया है। भाषा-विषयक इस अध्ययन का लक्ष्य

मुख्यतः यह रहा है कि शिलालेख में आने वाली समस्त भाषाओं का, जो कि सात नव्य भारतीय आर्य भाषाओं के प्राचीनतम तत्व प्रस्तुत करती हैं, निरूपण हो सके, उनका तुलनात्मक अध्ययन हो सके, जिनका नाम उनकी नायिकाओं की प्रादेशिकता का उल्लेख नष्ट हो जाने के कारण ज्ञात नहीं है, उनका नाम निश्चित किया जा सके और सबसे अधिक इस बात का निश्चय किया जा सके कि रचना की सामान्य भाषा भी कोई है या नहीं, और है तो वह कौन-सी है। आशा है कि भाषा-विषयक प्रस्तुत अध्ययन को इसी दृष्टि से देखा जायगा।

मुझे हर्ष है कि हमारी भाषाओं के इतिहास की इस सर्वाधिक महत्वपूर्ण नवीन उपलब्धि से यह प्रमाणित हो जाता है कि हिंदी, और हिंदी की भाँति ही कुछ अन्य नव्य भारतीय आर्य भाषाएं भी, ग्यारहवीं शती ईस्वी में इतनी प्रौढ़ हो चली थीं कि उनमें सरस काव्य-रचना हो सकती थी, वे केवल बोलचाल की भाषाएं नहीं रह गई थीं। अनेक विद्वान् हिन्दी और इसी प्रकार अन्य नव्य भारतीय आर्य भाषाओं का विकास कुछ पहले से मानते हुए भी साहित्य में उनका प्रयोग सं० १४०० के पूर्व नहीं मानते। इस लेख के नख-शिख-काव्य ने उनकी इस धारणा को भली-भाँति निर्मूल प्रमाणित कर दिया है, जो कि ग्यारहवीं शती का पुरानी कोसली का व्याकरण 'उक्ति-व्यक्ति-प्रकरण' नहीं कर सका था।

इस पुस्तक के रूप में अपना अध्ययन प्रस्तुत करने के लिए १ जनवरी, १९६१ को मैंने शिलालेख को बम्बई जाकर देखा, तो ज्ञात हुआ कि ऊपर तथा नीचे की एक-एक पंक्ति तथा नीचे के दाहिने कोने का पुष्प उसके फ्रेम में दबे हुए हैं और बाईं ओर ऊपर के कोने का टुकड़ा ग़लत चिपकाया हुआ है। इसके अतिरिक्त ऊपर तथा नीचे की पंक्तियों के अक्षर शिलाखंड को चिपकाने के लिए लगाई गई सीमेंट से भरे हुए हैं। यह देखकर मैंने म्यूज़ियम के डाइरेक्टर डॉ० मोतीचन्द्र जी से जब उस फ्रेम को हटवा कर ऊपर तथा नीचे की पंक्तियों के अक्षरों में भरी हुई सीमेंट को निकलवाने का अनुरोध किया तो उन्होंने तत्काल अपने गैलेरी एसिस्टेंट श्री बी० वी० शेटी, एम० ए० को इस कार्य के लिए नियुक्त किया, जिन्होंने अत्यन्त तत्परता से शिलालेख का फ्रेम हटवा कर अक्षरों में भरी हुई सीमेंट स्वयं खुरच-खुरच कर निकाली। इस कार्य से दो अत्यन्त महत्वपूर्ण तथ्य प्रमाणित हुए : एक तो यह कि लेख इसी शिलाखंड पर प्रारंभ और समाप्त हुआ है और दूसरे यह कि लेख किसी शासन आदि के रूप में नहीं उत्कीर्ण हुआ है। लेख के आदि में आए हुए '[ॐ] नमः सिद्धे[भ्यः]' ने लेख का प्रारंभ निर्विवाद

कर दिया और चूंकि ठीक उसके बाद आई हुई 'रोडें राउल वेल वखाणी' पंक्ति दूसरी बार लेख के अन्त में भी आती थी, इसलिए उसने यह प्रमाणित कर दिया कि रचना वहीं पर समाप्त हुई थी जहाँ यह पंक्ति दूसरी बार आती थी। नीचे के दाहिने कोने पर जो कलापूर्ण आकृति अपने पूर्ण आकार में उद्घाटित हुई, वह कोई मुद्रा या राजकीय प्रतीक का न हो कर कमल-वन की निकली। ठीक इसी प्रकार की एक आकृति लेख के नीचे के बाएं कोने पर भी दी हुई रही होगी, जिसका दाहिना छोर मात्र उस कोने के टूट कर निकल जाने के कारण शेष है। इस परिष्कृत और पूर्ण रूप में शिलालेख की एक नवीन छाप डा० मोतीचन्द्र जी ने बनवा कर मुझे भेंट की, जिसे इस पुस्तक के प्रारम्भ में दिया जा रहा है। मैं इस समस्त कृपापूर्ण सौजन्य के लिए डॉ० मोतीचंद्र जी का अत्यधिक आभारी हूँ, साथ ही उनके गैलेरी ऐसिस्टेंट श्री बी० वी० शेटी को धन्यवाद देता हूँ जिन्होंने उनके आदेश पर अत्यन्त तत्परता के साथ लग कर लेख के दबे हुए अंशों का उद्धार किया और उसकी एक अत्यन्त स्पष्ट छाप मेरे लिए अपने निरीक्षण में तैयार कराई। डॉ० मोतीचंद्र जी ने शिलालेख को प्रकाशित करने की अनुमति पहले ही दी थी, और रचना में आने वाले वस्त्राभरणों के संबंध में अपनी विशेषज्ञता से भी मुझे लाभान्वित किया; इसके लिए मैं उनका और भी अधिक आभारी हूँ।

इस कृति को अंतिम रूप में सर्वश्री प्रो० धीरेन्द्र वर्मा, अध्यक्ष, भाषा-विज्ञान विभाग, सागर विश्वविद्यालय, डॉ० बाबूराम सक्सेना, उपाध्यक्ष केन्द्रीय हिंदी कमीशन, दिल्ली, तथा डॉ० विश्वनाथ प्रसाद, निदेशक, केन्द्रीय हिंदी निदेशालय, दिल्ली ने देख कर मेरा उत्साह-वर्द्धन किया है, इसके लिए मैं इन तीनों विद्वानों का हृदय से कृतज्ञ हूँ।

अंत में मैं श्री मित्र प्रकाशन (प्राइवेट) लि० तथा उसके पुस्तक विभाग के अध्यक्ष श्री श्रीकृष्ण दास का कृतज्ञ हूँ जिन्होंने इस पुस्तक को अधिक से अधिक शुद्धता से छाप कर प्रकाशित करने में अभीसिप्त उत्साह दिखाया है।

जयपुर
१५-४-६२

माताप्रसाद गुप्त

संकेत और संक्षेप

अ०	:	अव्यय
अक०	:	अकर्मक क्रिया
अधि०	:	अधिकरण कारक
अप०	:	अपभ्रंश
अपा०	:	अपादान कारक
उ०	:	उत्तरी अपभ्रंश
उक्ति०	:	'उक्तिव्यक्ति-प्रकरण' की डॉ० सुनीतिकुमार चैटर्जी लिखित व्याकरण-संबंधी भूमिका
एक०	:	एकवचन
करण०	:	करण कारक
कर्त्ता०	:	कर्त्ता कारक
कर्म०	:	कर्म कारक
तगारे	:	डॉ० गणेश वासुदेव तगारे लिखित 'ए हिस्टॉरिकल ग्रामर आव् अपभ्रंश'
तृ०	:	तृतीय
द०	:	दक्षिणी अपभ्रंश
द्वि०	:	द्वितीय
नख०	:	नखशिख
प०	:	पश्चिमी अपभ्रंश
पु०	:	पुरुष
पु०	:	पुल्लिंग
पू०	:	पूर्वीय अपभ्रंश
प्र०	:	प्रथम
बहु०	:	बहुवचन
भवि०	:	भविष्यत् काल
भूत०	:	भूतकाल
मूल	:	मूल रूप

मपू०	:	मध्यपूर्वीय औक्तिक भाषा
विकृत	:	विकृत रूप
वि०।विशे०	:	विशेषण
संदेश०	:	'संदेश रासक' की डॉ० हरिवल्लभ चूनीलाल भायाणी लिखित व्याकरण-संबंधी भूमिका
संप्र०	:	संप्रदान कारक
संबंध०	:	संबंध कारक
संबो०	:	संबोधन कारक
संभा०	:	संभावनार्थ
सक०	:	सकर्मक क्रिया
सर्व०	:	सर्वनाम
सा०	:	सामान्य
स्त्री०	:	स्त्रीलिंग

विशेष—आगे रचना की भाषा के विषय के विवेचन में विभिन्न शब्दों अथवा शब्द-रूपों के साथ दी गई संख्याएँ शिलालेख की पंक्तियों की हैं। उक्ति०, तगारे तथा संदेश० के स्थल-निर्देश उनके अनुच्छेदों के द्वारा किए गए हैं।

भूमिका

दामोदर पंडित के 'उक्तिव्यक्ति-प्रकरण'[1] की भाषा-विषयक भूमिका समाप्त करते हुए डॉ० सुनीतिकुमार चैटर्जी ने १९४५ में लिखा था, "उक्तिव्यक्ति-प्रकरण के माध्यम से हमें जिस प्रकार नव्य भारतीय आर्यभाषाएं मध्यकालीन भारतीय आर्य-भाषाओं से विकसित हुई हैं उसके अध्ययन के लिए कुछ मूल्यवान सामग्री प्राप्त हुई है : इसमें हमें मुख्यतः कोसली (या पूर्वी हिंदी) और साधारणतः ऊपर और नीचे की गंगा की घाटी की आर्य बोलियों के इतिहास का अध्ययन करने के लिए एक अत्यन्त महत्वपूर्ण साक्ष्य मिला है। जिस भाषा का विवरण इसमें दिया गया है वह निस्संदेह एक वास्तविक बोलचाल की भाषा का उदाहरण है—वह पश्चिमी अपभ्रंश की भांति की कोई कम या अधिक कृत्रिम साहित्यिक भाषा मात्र नहीं है, और इसलिए 'उक्तिव्यक्ति-प्रकरण' का मूल्य नव्य भारतीय आर्यभाषा शास्त्र के अध्ययन के लिए और भी अधिक है।" इस पुस्तक में जिस रचना का अध्ययन प्रस्तुत किया जा रहा है, उसके संबंध में ठीक-ठीक वही कहा जा सकता है जो ऊपर 'उक्तिव्यक्ति-प्रकरण' के संबंध में कहा गया है; यह उसी प्रकार की दूसरी मूल्यवान् सामग्री है जो यहां प्रकाशित की जा रही है, और कुछ बातों में उससे भी अधिक मूल्यवान् कही जा सकती है। यह 'उक्तिव्यक्ति-प्रकरण' से भी पूर्व की रचना है, जो किसी पंडित द्वारा केवलभाषा-परिचय के लिए नहीं प्रस्तुत की गयी है, जिस प्रकार 'उक्तिव्यक्ति-प्रकरण' की गई है; बल्कि एक कवि की कलापूर्ण अभिव्यक्ति है, जिसमें पद्य ही नहीं, गद्य का भी प्रयोग उसके द्वारा अधिकार-पूर्वक किया गया है और जिसके संबंध में एक बड़ी भारी बात यह है कि उसका पाठ शिलांकित होने के कारण अपने मूल रूप में सुरक्षित है।

१. शिलालेख और उसकी दशा

यह शिलालेख प्रिंस आव वेल्स म्यूज़ियम, बंबई में रक्खा हुआ है। इसका आकार ४५"×३३" है। कहा जाता है कि यह धार (मालवा) से प्राप्त हुआ था।[2] वर्त्तमान रूप में यह भग्न अवस्था में है। लेख के बाएं भाग में शिलाखंड कर्णवत् ऐसा टूट गया है कि उसके चार टुकड़े हो गए हैं, और तोड़ पर पत्थर की पत इस प्रकार निकल गई हैं कि प्रत्येक पंक्ति के तीन-चार अक्षर नहीं रह गए हैं। इसके अतिरिक्त शिलाखंड के नीचे के बाएं कोने पर एक टुकड़ा निकल गया है। इतना ही नहीं, लेख को तीन स्थानों पर उसके दाहिने भाग में ऊपर तथा नीचे के अंशों के पत्थर को किसी अन्य काम में लाने के लिए छेनी के क्षत-विक्षत तथा किया गया है, इस कारण लेख का कुछ

१—प्रकाशक—भारतीय विद्याभवन, चौपाटी, बम्बई।

२—दे० म्यूजियम में लेख पर लगी हुई सूचना।

महत्वपूर्ण अंश अपाठ्य हो गया है। लेख की प्रथम पंक्ति की शिरोरेखा तथा उसके ऊपर का अंश और अंतिम पंक्ति का, जिसमें लेख संबंधी कुछ उपयोगी विवरण रहे होंगे, शिरोरेखा के नीचे का प्रायः समस्त अंश पत्थर को कहीं पुनः जड़ने के लिए छोटा करने के कारण काट कर निकाल दिए गए हैं। म्यूज़ियम में लेख की प्रथम तथा अंतिम पंक्तियों के अक्षरों में शिला-खंड को एक अन्य फलक पर चिपकाने के लिए प्रयुक्त की गयी सीमेंट भर गयी थी, किन्तु अब जैसा प्रस्तावना में बताया जा चुका है वह सीमेंट निकाल दी गई है। ये दोनों पंक्तियां पहले शिलालेख के फ्रेम में दबी सी हुई थीं, किन्तु अब वे दिख रही हैं। शिलाखंड के चिपकाने में अवश्य एक भूल अब भी रह गई है—वह यह कि ऊपर के बाएं कोने का टूटकर निकला हुआ टुकड़ा एक पंक्ति ऊपर चिपकाया हुआ है। आगे लेख का जो पाठ प्रस्तुत किया गया है, उसमें इस त्रुटि का परिहार कर दिया गया है।

शिलालेख निश्चित रूप में अपने समग्र रूप में प्राप्त है और यह किसी और बड़े लेख का अंश मात्र नहीं है, यह इससे ज्ञात होता है कि लेख '[ऊं] नमः सिद्धे [भ्यः]' से प्राप्त है और लेख की अंतिम पंक्तियों के दोनों छोरों पर कमल-वन के रूप में पुष्प बने हुए हैं, जिससे यह प्रकट है कि लेख इसी स्थान पर समाप्त हुआ है। लेख की अंतिम से पूर्व की पंक्ति में आई हुई एक अर्द्धाली, जो लेख के प्रारंभ में भी आती है, इसे और भी निश्चित कर देती है।[1]

२. रचना और लेखन-तिथि

लेख किस तिथि का है, अंतिम पंक्ति के कट कर निकल जाने के कारण यह अनिश्चित रह जाता है। काव्य का नायक कोई गौड़ क्षत्रिय लगता है: नखशिख में उसे 'गौड' संबोधित किया गया है—

१—गौड तुंहुं एक को पनु अउरु वर... (पंक्ति २८)
२—अइसउ करिउ तुहुं (?) लेख। (पंक्ति ३२)

१—डॉ० हरिवल्लभ चूनीलाल भायाणी का विचार है कि यह शिलाखंड बीच का है, इसके पूर्व और पश्चात् भी कम से कम दो अन्य शिलाखंड रहे होंगे और उनके इस अनुमान का आधार ऊपर उद्धृत अंतिम पंक्ति में 'भासहुं' के पूर्व 'आठहुं' पाठ की कल्पना है, जिसके अनुसार संपूर्ण रचना में आठ नखशिख रहे होंगे (भारतीय विद्या, भाग १७, अंक ३—४, पृ० १३०)। मेरा विचार इससे भिन्न था और मैंने यह माना था कि शिलालेख पूर्ण है (हिंदी अनुशीलन, धीरेन्द्र वर्मा अंक, पृ० २२)। मुझे प्रसन्नता है कि लेख का पुनरुद्धार कराने पर मेरा अनुमान पूर्णतः ठीक प्रमाणित हुआ।

३—स देखि . . . तुम्हा [रा] जे वेस ते सब भावहि कूडा (पंक्ति ३९)
४—त एवं तुम्ह नही छोडि कउ (पंक्ति ४०)
५—तुम्हइं . . . . . तुम्हहि सरिसउ वोलहि को जूझइ (पंक्ति ४४)

नायिकाओं में से नाम केवल एक 'राउल' का मिलता है :

१—आउंडउ जो राउ [ल सो] हुइ । (पंक्ति ११)
२—थणहि सो ऊंचउ किअउ राउल । (पंक्ति १२)
३—राउल दीसतु सउ जणु मोहइ । (पंक्ति १३)
४—सा वाखर णहुं राउल कइसी । (पंक्ति १४)

रचना का नाम 'राउल वेल'=राजकुल-विलास है, इसलिए शिलालेख के व्यक्ति राजकुल के प्रतीत होते हैं, किन्तु प्राप्त ऐतिहासिक सामग्री से इन पर कोई प्रकाश नहीं पड़ता है। लेख के अंत में दोनों छोरों पर दो आकृतियां हैं, जिनमें से एक भग्न है; जो शेष है वह कमल-वन की है, और जो भग्न है निश्चय ही वह भी उसी की रही होगी। इस प्रकार की आकृतियां लेखों के अंत में उनकी समाप्ति सूचित करने के लिए दी जाती हैं। ऐसी परिस्थितियों में लेख का समय-निर्धारण केवल लिपि-विन्यास के आधार पर संभव है। इसकी लिपि संपूर्ण रूप से भोज देव के 'कूर्मशतक' वाले धार के शिलालेख से मिलती है (दे० इपिग्राफिया इंडिका, जिल्द ८, पृ० २४१)—दोनों में किसी भी मात्रा में अंतर नहीं है, और उसके कुछ बाद के लिखे हुए अर्जुनवर्म देव के समय के 'पारिजात मंजरी' के धार के शिलालेख की लिपि किंचित् बदली हुई है (दे० इपिग्राफिया इंडिका, जिल्द ८, पृ० ९६)। इसलिए इस लेख का समय 'कूर्मशतक' के उक्त शिलालेख के आस-पास ही, अर्थात् ११वीं शती ईस्वी होना चाहिए।

३. रचना और लेखन-स्थान

इसका रचना-स्थान भी लेख की अंतिम पंक्ति के कट कर निकल जाने से अज्ञात हो गया है। अत: केवल लेख के अन्तर्साक्ष्य की सहायता से रचना-स्थान का निर्धारण किया जा सकता है।

रचना की सामान्य भाषा, जैसा हम आगे देखेंगे, पुरानी दक्षिण कोसली है और लेख में दक्षिण तथा पूर्व भारत के अनेक प्रदेशों के निवासियों को हीन अथवा वर्णित नायिकाओं और उनके वेशों के लिए झंखते हुए कहा गया है, यथा :

१—गोल्ले आ[नं]दिअ तुझचि देसु।
आनिक तेंह चा तो वेसु ॥ (पंक्ति ९)

२—एहु कानोडउं का इसउ झांखइ।
वेस अम्हाणउं ना जउ देखइ ॥ (पंक्ति १०)

३—केहा टेल्लिपुतु तुहुं आंखहि। (पंक्ति १५

४—ऐहा वेहु सुहावा टेल्ल।
आन्न तु संदा डहि परइ वोल्ल।। (पंक्ति १८

५—सो देखिउ आठम्विहि करउ चां[दु] इसउ भावइ।
केर एहु ओअिउ जूनउ ठेंचउ। (पंक्ति ३०

६—(गौड़ नायक से) स देखि—तुम्हारा जे वेस ते सव भावहिं कूडा
(पंक्ति ३९

७—अरे गौड हो गोल्ला हो वोलउ जो जसु भावइ। (पंक्ति ४१

इसलिए रचना-स्थान ऐसा होना चाहिए जो गोल्लों (गोदावरी प्रदेश के निवासियों) कानोडों (कर्णाट-ओड्र प्रदेश के निवासियों), टेल्लों (तिलंगाना - निवासियों), ओड्र (उड़ीसा - निवासियों) और गौडों (गौड़ देशवासियों) के क्षेत्रों से मिलता हुआ हो। इस प्रकार का प्रान्त दक्षिण कोसल है, जहां पर कोसली का ही एक रूप अब तक बोला जाता है। इसलिए इस रचना का रचना-स्थान दक्षिण कोसल होना चाहिए ऊपर कहा जा चुका है कि शिलालेख धार में प्राप्त बताया गया है, किंतु यह धार में उत्कीर्ण हुआ ही लगता है, उपर्युक्त कारणों से काव्य-रचना वहाँ हुई नहीं प्रतीत होती है। हम आगे देखेंगे कि रचना का भाषा-पक्ष भी इसी परिणाम की पुष्टि करता है।

४. रचना का विषय

ग्यारहवीं तथा बारहवीं शती में दक्षिण कोसल त्रिपुरी के कलचुरि वंश के राजाओं के शासन में था, और कलचुरि गौड़ नहीं थे, इसलिए यह लेख उनके किसी सामंत के संबंध का ही हो सकता है। इस लेख का विषय उक्त सामंत की सात नायिकाओं का नखशिख है। कुल छः नख-शिख इस लेख में आते हैं : पहला पंक्ति १ से ५ तक, दूसरा पंक्ति ५ से १० तक, तीसरा पंक्ति १० से १४ तक, चौथा पंक्ति १५ से १९ तक, पांचवां पंक्ति १९ से २८ तक तथा छठा २८ से ४६ तक। प्रथम नखशिख की नायिका प्रारंभ की पंक्तियों तथा कुछ अन्य अंशों के खंडित हो जाने से ज्ञात नहीं है, किन्तु जैसा हम आगे देखेंगे उसकी भाषा से वह पश्चिमी मध्यदेश की प्रतीत होती है। इसी प्रकार दूसरे की नायिका महाराष्ट्र की तथा तीसरे की नायिका पश्चिमी राजस्थान या गुजरात की ज्ञात होती है। चौथा नख-शिख किसी टक्किणी के संबंध का है, पांचवां किसी गौडीया के संबंध का और छठा दो मालवीयाओं के संबध का। इन अंतिम तीन नायिकाओं के प्रादेशिक नाम रचना में इस प्रकार आए हैं—

१—एही टक्किणी पइसति सोहइ। (पंक्ति १८

२—अइसो उवेसु जो गउडिन्हु केरउ। (पंक्ति २७

३—ज पुणु मालवी उवेसुहि आवंतु (पंक्ति २८)

४—कापडहिर करउ ज गोरी तहि सिंदूरी हि वेसु (पंक्ति ४३)

ज साम्वली तहिर पाटणी हि करउ। (पंक्ति ४३)

ये समस्त नायिकाएं उक्त सामंत की नव-विवाहिताएं ज्ञात होती हैं। नव वधू के लिए एक शब्द 'ओलअणी' का उल्लेख हेमचंद्र ने 'देशी नाम माला' में किया है। (१. १६०) । यह शब्द अव + लग् से बना ज्ञात होता है, जिससे बना हुआ 'ओलग' शब्द इस रचना में तीन स्थानों पर आया है—

१—जहिं घरे अइसी 'ओलगं' पइसइ। (पंक्ति १४)

२—मुह ससि 'ओलगं' च. . .नावइ। (पंक्ति २२)

३—जणु मुहचंद 'ओलग' णहं नखत वाल सतावीस

हा. . . .री आई अइसउ नावइ। (पंक्ति ३७)

'ओलग' का अर्थ सामान्यतः 'सेवा' या 'चाकरी' होता है, और इस अर्थ में यह शब्द 'बीसलदेव रास' (प्रस्तुत लेखक द्वारा संपादित संस्करण) में 'ऊलग' रूप में अनेक बार आया है—

१—ऊलग कइ मिसि गम करउं। (३५. ५)

२—सइंभरि धणीय किउं ऊलग जाइ। (३७. १)

३—ऊलग जाण कहइ धणी कउण। (३९. १)

४—किणि दुष देवर ऊलग जाइ। (४६. ६)

५—ऊलग जाण कउ षरउ कुसूत। (४८. २)

६—स्वामी ऊलग जाण की षरीय जगीस। (६०. १)

७—सषीय इणि कति नाह कोइ ऊलग जाइ। (६५. ६)

८—तिहि घरि ऊलग काइं करेइ। (७५. ६)

९—ऊलग पूगि घरि आवियउ भरतार। (१२१. १)

१०—म्हाकउ वार्‌यउ तू किउं ऊलगइं जाइ। (१२५. ४)

किन्तु छठे नख शिख में कहा गया है कि वर्णित मालवीयाओं को पति से मिलने के लिए सजाया जा रहा है :

समुदाइ कज मुह करी सोभ सजइ (पंक्ति ३६)

इस लिए यह प्रकट है कि इस रचना में वर्णित नायिकाएँ सामंत की नव-विवाहिताएँ हैं।

५. रचना का नाम और उसका कवि

इस रचना का कवि कौन था और रचना का नाम क्या था, यह भी ज्ञातव्य हैं। रचना के प्रारंभ और अंत में आता है—

रोड (डें) राउल व(वे)ल वखाणा (णी)। जइ...आपणु ज[ाणी]।
(पँक्ति १)

रोडें राउलवेल वखा [णी।] [सा]तहं भासहं जइसी जाणी।
(पंक्ति ४६)

अत: प्रकट है कि इसका कवि रोड और इस रचना का नाम 'राउलवेल' (=राजकुल-विलास) है। इसमें किसी सामंत के रावल (राजभवन) की रमणियों का वर्णन हुआ है, इसलिए नाम नितांत सार्थक है। इसका कवि रोड कौन था, इसके संबंध में हमें कहीं से कुछ ज्ञात नहीं होता। शिलालेख में वह अपने को 'वंडिरा' (बंदी) कहता है (पंक्ति १९, २२, २४, २६), इसलिए वह इस काव्य के नायक का बंदी था, यही ज्ञात होता है। रचना के समय वह वृद्ध भी था, क्योंकि उसे 'राहू' (=पलित केश वाला) कह कर संबोधित किया गया है (पंक्ति १९)। वह किसी राजा या राणा का आश्रित भी था, क्योंकि उसने रचना के प्रारंभ में कहा है :

हासे(सें) तोसे(सें) राजइ राणइ। (पंक्ति १)

यह शब्दावली रचना के अन्त में पुन: आता है :

एउ निसुणत ---त --।
--उ (?) हासें तोसें सोइ [॥]

असंभव नहीं कि यहाँ पर त्रूटित अंशों में उक्त आश्रयदाता का नाम आता रहा हो।

राउलवेल की भाषा

१. रचना की भाषा-समस्या

'राउल वेल' की भाषा पर विचार करते समय निम्नलिखित प्रश्नों पर विचार करने की आवश्यकता प्रतीत होती है—

१—पूरे काव्य की भाषा एक ही है, अथवा उसके भिन्न-भिन्न अंशों की भिन्न भिन्न ? अथवा सामान्य रूप से एक किन्तु विभिन्न अंशों में कुछ भिन्न-भिन्न ? यहां यह स्मरणीय है कि रचना के सात अंश हैं : आदि-अंत तथा छः नखशिख जो छः विभिन्न प्रदेशों की नायिकाओं के हैं।

२—पूरे काव्य की भाषा यदि एक है तो वह कौन-सी है, यदि उसके विभिन्न अंशों की भिन्न-भिन्न हैं तो वे कौन-कौन सी हैं, और यदि सामान्यतः एक और विभिन्न अंशों में किसी अंश में भिन्न-भिन्न, तो वह सामान्य भाषा कौन-सी है, और रचना के विभिन्न अंशों में जिन-जिन भाषाओं के तत्त्व मिलते हैं वे कौन-कौन सी हैं ?

३—रचना जिस समय की है, उस समय की अपभ्रंश और औक्तिक भाषाओं के जो उदाहरण उपलब्ध हैं, उनसे तुलना करने पर रचना की भाषा या भाषाओं के संबंध में क्या परिणाम निकाले जा सकते हैं ? यह कहने की आवश्यकता नहीं कि रचना उत्तर-कालीन अपभ्रंशों अथवा औक्तिक भाषाओं, अथवा उनके किसी प्रकार के मिश्रित रूप में ही प्रस्तुत की गयी है और वह प्राचीन भारतीय आर्य भाषा के किसी रूप में अथवा मध्ययुगीन भारतीय आर्यभाषा के आदि अथवा मध्यकालीन रूपों में नहीं है।

उपर्युक्त प्रश्नों पर विचार करने के लिए एक तो यह आवश्यक है कि रचना के विभिन्न अंशों के भाषा-तत्वों का अलग-अलग निरूपण किया जावे, तदनंतर उनका परस्पर तुलनात्मक अध्ययन किया जावे और साथ ही यह भी देखा जावे कि तत्कालीन अपभ्रंश तथा औक्तिक भाषाओं में वे तत्त्व किन-किन क्षेत्रों की भाषाओं में पाए जाते हैं। यह कार्य बहुत ही दुर्गम होता, किन्तु अपभ्रंशों और पुरानी कोसली का जो भाषा-तात्विक अध्ययन इधर हुआ है, उसकी सहायता लेने पर यह कार्य बहुत-कुछ सुगम हो जाता है। इस प्रकार के कार्य तीन हैं : पहला है, डॉ० गणेशवासुदेव तगारे का 'ए हिस्टॉरिकल ग्रामर आव् अपभ्रंश' :, दूसरा है डॉ० हरिवल्लभ चूनीलाल भायाणी का 'संदेश रासक' की भूमिका में किया गया उसके व्याकरण का अध्ययन, और तीसरा है डॉ० सुनीति-कुमार चैटर्जी का 'उक्तिव्यक्ति-प्रकरण' की भूमिका में प्रस्तुत किया गया उसके व्याकरण का अध्ययन। डॉ० तगारे ने केवल पश्चिमी, दक्षिणी तथा पूर्वी अपभ्रंशों का अध्ययन प्रस्तुत किया है, क्योंकि तब तक जब कि उन्होंने अपना ग्रंथ प्रस्तुत किया और क्षेत्रों का अपभ्रंश साहित्य उपलब्ध न था। डॉ० भायाणी का अध्ययन उत्तरी अपभ्रंश का है, क्योंकि 'संदेश रासक' की रचना मुलतान में हुई थी। डॉ० चैटर्जी का अध्ययन मध्यदेशीय

अपभ्रंश की पूर्वी शाखा के एक औक्तिक रूप पुरानी कोसली का है, क्योंकि 'उक्तिव्यक्ति-प्रकरण' में काशी की तत्कालीन औक्तिक भाषा का परिचय प्रस्तुत किया गया है। इन तीन अध्ययनों ने मेरे काम को काफ़ी सुगम बना दिया।

ये अध्ययन लेखन-प्रणाली ध्वनि-तत्त्व, शब्द-रचना और वाक्य-विन्यास के विभागों में किए जाते हैं। वाक्य-विन्यास की दृष्टि से कोई भी अन्तर तत्कालीन विभिन्न अपभ्रंशों और औक्तिक भाषाओं में नहीं मिलता है, इसलिए उसका अध्ययन प्रस्तुत प्रसंग में अनावश्यक होता, और ध्वनितत्त्व के अध्ययन उपर्युक्त तीन रचनाओं में समान नहीं हैं : डॉ० तगारे का अध्ययन बहुत विस्तार से हुआ है, डॉ० भायाणी का कुछ ही कम विस्तार से हुआ है। किन्तु डॉ० चैटर्जी का अध्ययन संक्षिप्त है। इन अध्ययनों की शैलियां भी परस्पर कुछ भिन्न हैं। फलतः इन अध्ययनों से रचना के विभिन्न अंशों के ध्वनि-तत्व विषयक उपर्युक्त दृष्टि से किए जाने वाले अध्ययन में अपेक्षित सहायता नहीं मिल सकती थी, इसलिए प्रस्तुत अध्ययन लेखन-प्रणाली तथा शब्द-रचना की दृष्टियों से ही प्रस्तुत किया गया है, और हम देखेंगे कि इस अध्ययन से ऊपर के प्रश्नों का उत्तर प्राप्त करने में हमें यथेष्ट सहायता मिलती है।

२. लिपि और लेखन-वैशिष्ट्य

कहने की आवश्यकता नहीं कि लेख की लिपि पुरानी देवनागरी है। इसमें 'व' तथा 'ब' एक ही प्रकार से लिखे गए हैं। उदाहरणार्थ, नीचे आने वाले 'ब' से प्रारम्भ होने वाले शब्द भी 'व' से लिखे गए हैं : वढा १५, वाधउ ४, वाध ६, वाधेन्हु २०, वाधी ३७, वाल ३७, वाहडिअउ १२, वींवी ३५, वुद्धि २२, वूझइ ४५, वूधि ३६, वृहस्पति ३२, वोल्लें ६, वोलइ २८, वोलउ ४१, वोलु २७, वोलु ३४, वोलु ३५, वोलहि ४४, तंवोलें २।

पंचम वर्णों में से ङ और ञ का प्रयोग नहीं हुआ है। संयुक्त पंचम वर्ण के रूप में ण, न तथा म का प्रयोग कभी-कभी हुआ है, यथा : माण्डणु ३, चीन्तवंतहं ७, गम्वारिम्व ९, तरुणिम्व १०, अम्हाणउ १०, म्वालउ १३, काम्व ४०, ४२, पाम्वइ ४२। किन्तु संयुक्त पंचम वर्ण 'ण्' तथा 'न्' के स्थान पर भी प्रायः अनुस्वार का ही प्रयोग हुआ है, यथा :

ङ : अंगि १७, अंगेर २५, अणंग १७, मंगल ३७, वेरंगा १७, संकरीहि ३१, संगउं १७

ञ् : कंचुआ ४, संझहि १७

ण् : कंढि १६, कंढी १६, गंठिआ २३, मंडिय्यइ १६, मंडन १६, वंडिरो १९, २२, २४, २६, वेंटी २६, संडन १६

न् : आंतु ६, आ[नं]दिअ ९, चंद १५, चंदु ३७, चंदहाईं २५, २५

अनुनासिक ध्वनियों के लिए भी अनुस्वार के विन्दु का ही प्रयोग हुआ है, यथा : आंगउ ४, आंगहिं ७, आंगहिं २५, आंट २३, आंतरे २४, ऊंचउ १२, ३०, ऊंचा ३७, कांचडिअउ ११, कांचुली ४०, कांचू १२, कांठहि ७, कांटहि २३, कांठी ३, ७, १२, २५, गांगहि २५, चांगउ ४, चांगा ९, चांदहि २१, चांदा २५, चांदहि २५, चांदु ३३, चांद ३५, जाउं २८, जें ६, १५, झांखइ ९, १०, झांखहि १५, तंइं १९, तइंसहुं २८, तहं ५, ३३, ३८, ३९, ४६, पांवइ ४, अपांविवेकरीं ३४, पांवइ ४१, भउहीं २१, भउंह ३०, मांड ७, मांडी ९, १०, मांडेउ २८, मांडणु २३, २५, ३८, मांझें २४, मांझि ३८, मांझु ४५, रांगे २२, लांवउ १२, वींवी ३५, संगउं १७, हांस १४, हीं ३९, ४३, हिं ४४, हुं ३८, तुहुं २८, तुहुं ३२।

तीन वर्ण इसमें दो तरह से लिखे गए हैं; ये हैं : उ, ऊ तथा ओ। प्रायः तो इनके नीचे की नोक को वैसा ही रहने दिया गया है जैसी वह अब भी रहती है, किंतु कभी उसे कुछ आगे लाकर पुनः नीचे की ओर मोड़ कर दाहिनी ओर बढ़ा दिया गया है :

उ : सामान्य रूप में: यथा : अछउ ६, ताउं ६, भाउअ १०, राउल १०, कानोडउं १०, इसउ १०, अम्हाणउं १०, जउ १०, आउंडउ ११, राउ [लु] ११, नउ ११, दीनउ ११, नउ ११, वानउ ११, चडिअउ ११, उमातउ १२, राउल १२, वाउल १२, वाहडिअउ १३, म्वालउ १३, दीहउ १३, चाहउ १३, राउल १३, सउ १३, नेउरा १३, राउल १४, राउलु १४, जइसउं १४, सउ १६, उवीसहिं १८, संगउं १७, पाखउ १८, भउहीं २१, जालउ २३, तागउ २३, कइसउ २४, जइसउ २५, जउणहि २५, मिलिअउ २५, उजालु २५, विउढणु २६, रूउ २६, तारउ २६, उवेसु २७, गउ २७, तोरउ २७, गउडि २७, राउलें २७, अउर २८, करिउ २९, सारिखउं २९, इउं २९, एउ २९, सोलडहउ २९, दीनउ २९, किसउ २९, जिसउ २९, सिंदूरिअउ २९, करउ २९

उ : अतिरिक्त मोड़ के साथ : यथा: भा [ल] उ २, [आ] छउ २, रातउ २, भालउ ३, गाढउ ४, बाघउ ४, आंगउ ४, भालउ ४, मांडेउ २८, उवेसुहि २८, काम्वदेउ २८, जाउं २८

ऊ : सामान्य रूप में : यथा: कोऊ ५, ऊ-रु ८, ऊजल ८, ऊचउ १२, ऊपरं २०, ऊपर २१, ऊपरि २९, ऊतरिअउ २१, ऊजला ३२

ऊ : अतिरिक्त मोड़ के साथ : यथा : रातऊ ४, ऊंचउ ३०, ऊंचा ३७, ऊजलाहं ४८

ओ : सामान्य रूप में : यथा : ओख ७, ओलगं १४, ओलगं २२, ओढिअल २६, ओडिअउ २०, ओठइं २५

ओ : अतिरिक्त मोड़ के साथ : यथा : ओलग ३७, ओड़ु २८।

कहीं-कहीं पर अल्पप्राण और महाप्राण के संयुक्त वर्णों में से केवल महाप्राण वर्ण को दे कर काम चलाया गया लगता है, : यथा : वयुं ४५।

इन छोटी-मोटी विषमताओं के अतिरिक्त लेख सुव्यवस्थित ढंग से लिखा गया है और अशुद्धियां बहुत कम मिलती हैं, यथा :

ची (चि) न्तवंतहं ७, म (मं) डन १६, मू (सू?) झइ ३२, जगी (गि) ३४।

३. रचना के शब्द-रूप

आदि-अन्त

संज्ञा शब्दों की स्थिति इस प्रकार है—

संज्ञा : कर्ता (मूल):

एक० स्त्री० प्रत्ययहीन : राउल वेल १, राउल वेल ४६

संज्ञा : कर्त्ता (विकृत) अथवा करण :

एक० पुं० :-ें : रोडें १, ४६

संज्ञा : संबंध :

एक० पुं० आकारान्त : –इ : राजइ १, राणइ १

बहु० स्त्री० आकारान्त : –हं :भासहं ४६

संज्ञा : अधिकरण :

एक० पु० अकारान्तः –ें : हासें १, ४६, तोसें १, ४६

सर्वनाम शब्दों की स्थिति इस प्रकार है—

तृतीय पुरुष सर्व० : कर्ता :

एक० पु० : –ो : सो १

तृतीय पुरुष सर्व० : कर्म :

एक० पुं० : –ु : एउ ४६

संबंधवाचक सर्वनाम : कर्ता :

एक ० पुं० : –ो : जा (जो) १

निजवाचक सर्वनाम : संबंध :

एक० पुं० : –णु : आपणु १

विशेषण शब्दों की स्थिति इस प्रकार है—

विशे० गुणवाचक :

एक० स्त्री० : –ी : जइ[सी?] १, जइसी ४६
विशेष्य के कारक चिह्न के साथ : –हं : [सां]तहं भासहं ४६
क्रिया शब्दों की स्थिति इस प्रकार है—

क्रिया : सामान्य वर्तमान :

तृ० पु०, एक० पुं० : –अइ : जाणइ १, वखाणइ १

क्रिया : वर्तमान कृदन्त :

एक० पुं० : –अत : निसुणत ४६

क्रिया : सामान्य भूत तथा भूत कृदन्त :

तृ० पु० एक० स्त्री० : –ी : वखाणा(णी) १, ज[ाणी] १. वखा[णी] ४६, जाणी ४६

अव्यय शब्दों की स्थिति इस प्रकार है—

अव्यय : कार्य प्रणाली सूचक :

जेम्व १, तेम्व १

प्रथम नखशिख

संज्ञा शब्दों की स्थिति नीचे दी जा रही है।

संज्ञा : कर्त्ता (मूल) :

एक०पुं०। स्त्री० विभिन्न स्वरान्त संज्ञा शब्द प्रत्ययहीन रूप में प्रयुक्त मिलते हैं:

पुं० : कंचुआ ४, कछडा ४, कवि २, कोह ५,
स्त्री० : जाला कांठी ३, वेटिया ५, सोह ५

एक०पुं० अकारान्त संज्ञा शब्द –ु प्रत्यय युक्त भी मिलते हैं : फूलु २, अह [रु] २, माण्डणु ३, पहिरणु ४

एक०स्त्री०संज्ञा शब्दों के कोई प्रत्यययुक्त रूप नहीं मिलते हैं।

बहु० पुं० अकारान्त : –ां : वनां ५
बहु० स्त्री० संज्ञा शब्दों के कोई प्रत्यययुक्त रूप नहीं मिलते हैं।

संज्ञा : कर्ता (विकृत) :

कोई उदाहरण नहीं हैं।

संज्ञा : कर्म (मूल) :

एक० पुं० संज्ञा शब्दों के कोई प्रत्ययहीन रूप नहीं हैं।
एक०स्त्री० संज्ञा शब्दों के प्रत्ययहीन रूप हैं : तूलिम्व ५, सोह २, सोह ४
एक०पुं० अकारान्त संज्ञा-शब्द –ु प्रत्यय के साथ मिलते हैं : काजलु २
एक० स्त्री० संज्ञा-शब्दों के प्रत्यययुक्त कोई रूप नहीं हैं।
बहु० पुं० अथवा स्त्री० के न कोई प्रत्ययहीन रूप मिलते हैं, और न प्रत्यययुक्त।

संज्ञा : कर्म (विकृत)

कोई उदाहरण नहीं हैं।

संज्ञा : करण :

प्रत्ययहीन प्रयोग नहीं हैं।
एक०पुं० संज्ञा शब्दों के साथ–ें प्रत्यय मिलता है : तंवोलें २, आहरणें ५
एक०स्त्री० के कोई उदाहरण नहीं हैं।
बहु० पुं० अथवा स्त्री० के भी कोई उदाहरण नहीं हैं।

संज्ञा : संप्रदान :

कोई उदाहरण नहीं हैं।

संज्ञा : अपादान :

कोई उदाहरण नहीं हैं।

संज्ञा : संबंध :

संज्ञा शब्दों के सामासिक रूप मिलते हैं : जालाकंठी ३,
एक०पुं० में -हुं प्रत्यय मिलता है : तरुणिहुं माण्डणु ३
बहु०स्त्री० में –न्हु प्रत्यय लगा मिलता है : पायेन्हु सोह ५

[ऐसा ज्ञात होता है कि संबंधी के एक० होने पर –हुं प्रत्यय तथा बहु० होने पर –न्हु प्रत्यय लगा है, संबंधवान के लिंग का कोई प्रभाव इन प्रत्ययों पर नहीं पड़ता है।]

संज्ञा : अधिकरण :

प्रत्ययहीन : एक० स्त्री० तूलिम्व ५
एक०पुं०संज्ञा शब्द : अकारान्त : –इ ।–ु प्रत्यय के साथ मिलते हैं :

　　–इ : गलइ ३
　　–ु : घरु ५

एक०स्त्री० के उदाहरण नहीं हैं।
बहु०पुं० के उदाहरण नहीं हैं।
बहु०स्त्री० –हिं प्रत्यय के साथ मिलते हैं : आंखिहिं २

संज्ञा : संबोधन :

कोई उदाहरण नहीं हैं।

सर्वनाम शब्दों की स्थिति नीचे दी जा रही है—

सर्वनाम : प्रथम पुरुष :

–हिं :कर्म (विकृत) एक०पुं० : मोंहि ५

वही : द्वितीय पुरुष :

कोई उदाहरण नहीं हैं।

वही : तृतीय पुरुष [अनिश्चयवाचक सर्वनाम तथा संकेतवाचक विशेषण] :

प्रत्ययहीन प्रयोग नहीं हैं।

विभिन्न कारकों में प्रत्यययुक्त प्रयोगों की स्थिति निम्नलिखित है :

–ो : कर्त्ता० (मूल) एक०पुं० : सो ३

–ु : कर्त्ता० (मूल) एक०पुं० : आनु ३

–ू : वही : कोऊ ५

–ाहि : कर्म० (विकृत) एक०पुं० : ताहि ५

–ासु : संबंध० एक०स्त्री० : तासु ४

–ाकरि : वही : ताकरि ३

वही : संबंध वाचक [तथा संबंधवाचक विशेषण] :

प्रत्ययहीन प्रयोग नहीं हैं।

प्रयुक्त प्रत्यय युक्त रूप इस प्रकार है :

–ा : वि० एक०पुं० : जा ५

–सु : सर्व०कर्म० (विकृत) एक०पुं० : जसु ३

–ो : वि० एक०स्त्री० : जो ५

वही : प्रश्नवाचक [तथा प्रश्नवाचक विशेषण] :

कोई उदाहरण नहीं हैं।

वही : निजवाचक [तथा निजवाचक विशेषण] :

कोई उदाहरण नहीं हैं।

विशेषण शब्दों की स्थिति नीचे दी जा रही है—

विशेषण :

प्रत्ययहीन प्रयोग केवल निम्नलिखित हैं :

एक० पुं०।स्त्री० : आन २, एह ३

प्रत्यय युक्त प्रयोग निम्नलिखित हैं :

–ी : एक०स्त्री० : अइ[सी] ५

–उ।ऊ : एक०पुं० : भा [ल] उ २, तरलउ २, [आ] छउ २, तुछउ २, रातउ २, भालउ ३, रातऊ ४, चांगउ ४, गाढउ ४, भालउ ४

–ु : बहु० पुं० : आनु ५

[–ु।उ प्रत्यय पुं० अकारान्त विशेषण के साथ प्रत्यययुक्त पुं० विशेष्य के पूर्व प्रयुक्त हुए हैं। –ी प्रत्यय स्त्री०अकारान्त विशेषण के साथ प्रयुक्त हुआ है।]

क्रिया रूपों की स्थिति नीचे दी जा रही है—

क्रिया : सामान्य वर्तमानकाल :

– अइ : तृ०पु० एक० पुं०।स्त्री० : भावइ २, दीजइ २, देइ २, सुहावइ ३, [पां] वइ ३, भावइ ४, पांवइ ४, आवइ ५, पांवइ ५

– अंथि : तृ० पु० बहु० पुं० : मोहंथि ३

क्रिया : संभावनार्थ वर्तमान :

– अइ : तृ० पु० एक० पुं०।स्त्री० : रूचइ ३

– ईजइ : तृ० पु० एक० पुं०।स्त्री० : मांडीजइ ४

क्रिया : सामान्यभूत और भूत कृदन्त :

– अउ : तृ० पु० एक० पुं० भूत कृदन्त : वाधउ ४

[सामान्य भूत में अकर्मक क्रियाओं के वचन और लिंग कर्त्ता के अनुसार और सक०क्रियाओं के कर्म के अनुसार है ।]

क्रिया : सामान्य भविष्यत् :

कोई उदाहरण नहीं हैं।

क्रिया : पूर्वकालिक कृदन्त :

कोई उदाहरण नहीं हैं।

क्रिया : वर्तमान कृदन्त :

कोई उदाहरण नहीं हैं।

क्रिया : भविष्यत् कृदन्त :

कोई उदाहरण नहीं हैं।

क्रिया : विधि

कोई उदाहरण नहीं हैं।

क्रियार्थक संज्ञा :

कोई उदाहरण नहीं हैं।

अव्यय शब्दों की स्थिति नीचे दी जा रही है।

अव्यय : स्थान सूचक :

–ं : तहं ५

अव्यय : काल सूचक :

कोई उदाहरण नहीं है।

अव्यय : स्थिति सूचक :

कोई उदाहरण नहीं है।

अव्यय : कार्य प्रणाली सूचक :

कोई उदाहरण नहीं है।

अव्यय : संयोजक :

–ं : जं ३

अव्यय : निषेध सूचक :

कोई उदाहरण नहीं है।

अव्यय : निश्चय सूचक :

– ऊ : कोऊ ५
– इ : एहइ ३

अव्यय : संबोधन सूचक :

कोई उदाहरण नहीं है।

अव्यय : परिमाण सूचक :

प्रत्ययहीन अति : अति ४, अति ५
" सुठु : सुठु ४
– : मणु मणु २, मणु मणु ५, विणु ५

अव्यय : प्रश्न सूचक :

प्रत्ययहीन कि : कि ३, कि ४, कि ५

द्वितीय नखशिख

संज्ञा शब्दों की स्थिति नीचे दी जा रही है।

संज्ञा : कर्ता (मूल) :

एक० पुं०।स्त्री० विभिन्न प्रकार के स्वरांत संज्ञा शब्द प्रत्ययहीन रूप में प्रयुक्त मिलते हैं :

पुं० : ओख ७, वोडा ७, काछडा ८, मेढी ९, काचू ८
स्त्री० : पाहंसिया ९, कांठी ७, चांगिम्व ६, पाटी ८
एक०पुं० अकारान्त संज्ञा शब्द –ु प्रत्यय के साथ भी प्रयुक्त मिलते हैं :
जोवणु ८, वेसु ९, मयणु १०

बहु० पुं०।स्त्री० विभिन्न प्रकार के स्वरांत संज्ञा शब्द प्रत्ययहीन रूप में प्रयुक्त मिलते हैं :

पुं० : अहि ६, गोह ७
स्त्री० : रेख ७, पाहंसिया ९
बहु० पुं० आकारान्त संज्ञा शब्दों के प्रत्यययुक्त रूप भी मिलते हैं
रीठे ८, तागे ८, गोल्ले ९
बहु०स्त्री० के कोई प्रत्यययुक्त रूप नहीं मिलते हैं।

संज्ञा : कर्त्ता (विकृत) :

कोई उदाहरण नहीं है।

संज्ञा : कर्म (मूल) :

एक०पुं० संज्ञा शब्द प्रत्ययहीन रूप में प्रयुक्त नहीं हैं।
एक०स्त्री० विभिन्न स्वरान्त संज्ञा शब्द प्रत्ययहीन रूप में मिलते हैं :
दिठि ७, लोणचि ९, गम्वारिम्व ९, तरुणिम्व १०
एक०पुं० अकारान्त संज्ञा शब्द –ु प्रत्यय के साथ मिलते हैं :
वलु ९
एक०स्त्री० संज्ञा शब्दों के प्रत्ययों के साथ कोई उदाहरण नहीं हैं।
बहु० पुं० अथवा स्त्री० संज्ञा शब्दों के भी प्रत्ययों के साथ कोई उदाहरण नहीं हैं।

संज्ञा : कर्म (विकृत) :

एक० पुं० में –हि प्रत्यय मिलता है :
वलिअहि ६
एक०स्त्री० तथा बहु० के उदाहरण नहीं हैं।

संज्ञा : करण :

कोई उदाहरण नहीं हैं।

संज्ञा : संप्रदान :

कोई उदाहरण नहीं हैं।

संज्ञा : अपादान :

कोई उदाहरण नहीं हैं।

संज्ञा : संबंध :

प्रत्ययहीन या सामासिक रूप नहीं हैं।

एक० संबंधी के साथ एक०पुं० में –ह् प्रत्यय मिलता है :

पडिह् ८

बहु० संबंधी के साथ बहु० पुं० में –हं प्रत्यय मिलता है :

ची (चि)न्तवंतहं ओख ७

एक० स्त्री० में दो प्रत्यय मिलते हैं : –हि तथा चि। ची :

–हि एक० संबंधी के साथ आता है :

लिअहि चांगिम्व ६

–चि।ची बहु० संबंधी के साथ उसमें –हं प्रत्यय लगाकर आता है :

धडिवनहं चि रेख ७, लोकहं ची दिठि ७

बहु० संबंधवान के उदाहरण नहीं हैं।

संज्ञा : अधिकरण :

एक० पुं० संज्ञा शब्द अपने प्रत्ययहीन रूप में मिलते हैं, यथा : राउल १०

एक०स्त्री० के प्रत्ययहीन उदाहरण नहीं हैं।

एक० पुं० शब्द अकारान्त में : ि,–ि हि प्रत्ययों के साथ भी मिलते हैं:

कांठिहि ७, पुडि ८

एक०स्त्री० के प्रत्यययुक्त उदाहरण नहीं हैं।

बहु० पुं० शब्द–ें तथा –िहिं प्रत्ययों के साथ मिलते हैं :

अकारान्त में: –ें: विअइल फूल्लें ६

अकारान्त में:–िहि : का [नि] हिं ७, आंगिहिं ७, हाथिहिं ८,

पाइहिं ९

बहु० स्त्री० के उदाहरण नहीं हैं।

संज्ञा : संबोधन :

एक० पुं०।स्त्री० में प्रत्ययहीन प्रयोग मिलते हैं, यथा : हुणि ९, भाउअ १०,

स्त्री० तथा बहु० के उदाहरण नहीं हैं।

सर्वनाम शब्दों की स्थिति नीचे दी जा रही है।

सर्वनाम : प्रथमपुरुष :

कोई उदाहरण नहीं है।

सर्वनाम : द्वितीय पुरुष :

किसी कारक में प्रत्ययहीन प्रयोग नहीं हैं।

प्रत्यययुक्त प्रयोगों की स्थिति इस प्रकार है:

–ोही :कर्म० (विकृत): एक०स्त्री०:तोही १०

–ज्ञचि :करण०एक०स्त्री०: तुज्ञचि९

–ो :संबंध०एक०पुं० ; तो९

सर्वनाम : तृतीय पुरुष [तथा अनिश्चयवाचक सर्वनाम एवं संकेतवाचक विशेषण] :

प्रत्ययहीन रूप किसी कारक में नहीं हैं।

प्रत्यययुक्त रूपों की स्थिति विभिन्न कारकों में इस प्रकार है :

–े : कर्ता० (मूल) । कर्म० (विकृत) एक०पुं०।स्त्री० : ते ६, ते ७, ते ९

–न्ह : कर्ता० (मूल) बहु० पुं० : सान्ह ८

–ें : कर्म० (विकृत) तथा वि० बहु०पुं० : जें ६

–ेंहचा : करण० एक०पुं० : तेंहचा ९

–ेंहचें : ,, बहु० ,, : तेंहचें ६

सर्वनाम : संबंधवाचक [तथा संबंधवाचक विशेषण] :

प्रत्ययहीन प्रयोग नहीं हैं

प्रत्यययुक्त प्रयोगों की स्थिति निम्नलिखित है :

–ो : वि० एक०पुं० : जो ८

–े : ,, ,, स्त्री० : जे ६, जे ७

सर्वनाम : [प्रश्नवाचक तथा प्रश्नवाचक विशेषण] :

प्रत्ययहीन प्रयोग केवल निम्नलिखित है :

कर्ता० (मूल) एक०पुं० : को १०

प्रत्यययुक्त प्रयोग भी निम्नलिखित ही है :

–ा :वि० एक०पुं० : चा ९

सर्वनाम : निजवाचक [तथा निजवाचक विशेषण] :

कोई उदाहरण नहीं हैं।

विशेषण शब्दों की स्थिति नीचे दी जा रही है।

विशेषण :

प्रत्ययहीन प्रयोग निम्नलिखित हैं :

एक०।बहु० पुं०।स्त्री० : आनिक ७, आनि [क] ९,आनिक ९,आविल ८, ऊजल ८, दढ ८,लान्ह ८

प्रत्यययुक्त प्रयोग निम्नलिखित हैं :

–ु एक०।बहु० पुं० : आंतु ६, आनिकु ८, आनिकु ८ आविलु ८

[–ु प्रत्यय पुं० अकारान्त विशेषण शब्दों के साथ लगा है जो विशेष्य के प्रत्यययुक्त होने पर अथवा स्वतः विशेष्य के रूप में प्रत्युक्त होने पर अथवा विशेष्य के अनंतर प्रयुक्त हुए हैं।]

–ी : एक० स्त्री० : गाढी ८, आपुली ९, अइसी १०, पातली १०

[–ी प्रत्यय अकारान्त –आकारान्त विशेषण शब्दों के साथ ही प्रयुक्त हुआ है।]

–ा : एक०पुं० : लाठा ७, गाढा ८, थाढा ८, चांगा ९

[यह यहां विचारणीय अवश्य है कि ये विशेषण चरणों के अन्त में आते हैं, और असंभव नहीं कि छंद की आवश्यकताओं के कारण दीर्घान्त किए गए हों।]

क्रिया रूपों की स्थिति नीचे दी जा रही है।

क्रिया : सामान्य वर्तमान :

–असि : द्वि० पु० एक० पुं० : देखसि ६
– अइ : तृ०पु० एक० पुं०।स्त्री० : सोहइ ७, खोहइ ७, आखइ ९
– उ : तृ० पु० बहु० पुं० : देसु ९
–अहिं : ,, ,, ,, ,, : आछहिं ६

क्रिया : संभावनार्थ वर्तमान :

– अइ : तृ० पु० एक० स्त्री० : झांखइ ९
– एं : तृ०पु० बहु० पुं० : वोल्लें ६

क्रिया : सामान्य भूत और भूतकृदन्त :

–इअ : तृ०पु० बहु० पुं० भूत कृदन्त : आ[न]दिअ ९
–ई : तृ०पु० एक० स्त्री० भूत कृदन्त : माढी ९, मांडी ९, मांडी १०, सो[ही] १०

[सामान्यभूत अक० क्रियाओं के वचन और लिंग कर्ता के अनुसार तथा सक० क्रियाओं के कर्म के अनुसार हैं।]

क्रिया : सामान्य भविष्यत् :

कोई उदाहरण नहीं है।

क्रिया : पूर्वकालिक कृदन्त :

– अ : एक० : वाध ६, मांड ७, भण ९

क्रिया : वर्तमान कृदन्त :

– अतु : तृ पु० एक० पुं० : वानतु ६
–अत : तृ० पु० एक०पुं० : देखत १०

क्रिया : भविष्यत् कृदन्त :

कोई उदाहरण नहीं है।

क्रिया : विधि :

एक ही प्रयोग मिलता है:

–अउ : तृ० पु० एक० पुं०।स्त्री० : अछउ ६

क्रियार्थक संज्ञा :

एक०पुं० – एवउ : करेवउ ११

अव्यय शब्दों की स्थिति नीचे दी जा रही है।

अव्यय : स्थान सूचक :

–ु : एथु ८

अव्यय : काल सूचक :

–उं : ताउं ६

अव्यय : स्थिति सूचक :

कोई उदाहरण नहीं है।

अव्यय : कार्यप्रणाली सूचक :

कोई उदाहरण नहीं है।

अव्यय : संयोजक :

–ु : जणु ८

अव्यय : निषेध सूचक :

कोई उदाहरण नहीं है।

अव्यय : निश्चय सूचक :

–ू।उव : बानू ८, मयणुव १०

जी : जी ८

निरु : निरु ९

अव्यय : संबोधन सूचक :

कोई उदाहरण नहीं है।

अव्यय : परिमाण सूचक :

कोई उदाहरण नहीं है।

अव्यय : प्रश्न सूचक :

कि : कि ६

तृतीय नखशिख

संज्ञा शब्दों की स्थिति नीचे दी जा रही है।

संज्ञा : कर्ता (मूल) :

एक०पुं०।स्त्री० : विभिन्न प्रकार के स्वरान्त संज्ञा शब्द प्रत्ययहीन रूप में प्रयुक्त मिलते हैं :

पुं० : लांवझ १२, कांचू १२,

स्त्री० : करडिम्व ११, राउ[ल] ११, कांठी १२, झुणि १३, वाखर १४, राउल १४, साहूर १२,

एक०पुं० : अकारान्त संज्ञा शब्द –ु प्रत्यय के साथ भी मिलते हैं : पहिरणु १३, घरु १४, राउलु १४

एक०पुं० अकारान्त संज्ञा शब्द –उ प्रत्यय के साथ भी मिलते हैं : वानउ ११, म्वालउ १३

बहु०पुं० : प्रत्ययहीन : जण १३

बहु०पुं० : अकारान्त संज्ञा शब्द –ु प्रत्यय के साथ मिलते हैं : जणु १३

बहु० स्त्री० : ईकारान्त संज्ञा शब्द –उ प्रत्यय के साथ भी मिलते है :

स्त्री० : काचडिअउ ११, वाहडिअउ १२

संज्ञा : कर्ता (विकृत) :

कोई उदाहरण नहीं मिलते हैं।

संज्ञा : कर्म : (मूल):

एक०पुं० संज्ञा शब्द प्रत्ययहीन रूप में प्रयुक्त नहीं हैं।

एक०स्त्री० संज्ञा शब्द भी प्रत्ययहीन रूपों में नहीं मिलते हैं।

एक०पुं० अकारान्त संज्ञा शब्द –ु प्रत्यय के साथ मिलते हैं : वेसु १०, काज [लु] ११

एक०स्त्री० संज्ञा शब्द प्रत्यययुक्त रूप में नहीं मिलते हैं।

संज्ञा : कर्म (विकृत) :

एक० पुं० के कोई उदाहरण नहीं हैं।

एक ० स्त्री०: –हिं प्रत्यय के साथ मिलते हैं : सोहहि ११

बहु० पुं० शब्द –ा प्रत्यय के साथ मिलते हैं : तरुणा १२

बहु० पुं० शब्द –ु प्रत्यय के साथ भी मिलते हैं : जणु १३,

बहु०स्त्री० शब्द –हिं प्रत्यय के साथ मिलते हैं : थणहिं १२, सोहहिं १३

संज्ञा : करण :

कोई उदाहरण नहीं हैं।

संज्ञा : संप्रदान :

कोई उदाहरण नहीं है।

संज्ञा : अपादान :

कोई उदाहरण नहीं है।

संज्ञा : संबंध :

प्रत्ययहीन सामासिक रूप मिलता है :

एक स्त्री० : हांस गइ १४

एक०पुं० के प्रत्यय युक्त उदाहरण नहीं हैं।

एक० स्त्री० में –णी प्रत्यय मिलता है, जो बहु०पुं० संबंधी के साथ लगता है, यथा :

झुणि नउराणी १४

बहु० पुं० के भी प्रत्यययुक्त उदाहरण नहीं हैं।

बहु० स्त्री० में–हिं प्रत्यय मिलता है, जो बहु० पुं० संबंधी के साथ लगा हुआ है : हार्थहिं सोहहिं १३

संज्ञा : अधिकरण :

प्रत्ययहीन संज्ञा शब्द एक०पुं० में केवल निम्नलिखित हैं : राउल १३

बहु० पुं० संज्ञा शब्द प्रत्ययहीन रूप में मिलते हैं : कान १४

स्त्री० के प्रत्ययहीन उदाहरण नहीं हैं।

एक०पुं० –इ । –े प्रत्ययों के साथ मिलते हैं :

(अकारान्त में) –इ : गलइ १२

,,		–े : घरे १४

एक०स्त्री० अकारान्त शब्द –ं प्रत्यय के साथ मिलते हैं : ओलगं १४

बहु० पुं० ।स्त्री० अकारान्त। इकारान्त शब्द –हिं प्रत्यय के साथ मिलते हैं :

कार्नाहिं ११, आंखिहिं ११

संज्ञा : संबोधन :

कोई उदाहरण नहीं है :

सर्वनाम शब्दों की स्थिति नीचे दी जा रही है।

सर्वनाम : प्रथम पुरुष :

प्रत्ययहीन प्रयोग नहीं हैं।

प्रत्यययुक्त केवल एक उदाहरण है :

–ाणउं : संबंध० बहु० पुं० : अम्हाणउं १०

सर्वनाम : द्वितीय पुरुष :

कोई उदाहरण नहीं है।

सर्वनाम : तृतीय पुरुष : [तथा अनिश्चयवाचक सर्वनाम एवं संकेतवाचक विशेषण] :

प्रत्ययहीन रूप केवल निम्नलिखित है :

सर्व० कर्त्ता० (मूल) एक०स्त्री०: इन १२

प्रत्यययुक्त रूपों की स्थिति विभिन्न कारकों में इस प्रकार है :

–ो : सर्व० कर्त्ता० (मूल) । कर्म० (मूल) तथा वि० एक० पु० :सो ११, सो ११, सो १२, सो१२,सो १३

–ा : सर्व० कर्त्ता० (मूल) एक०स्त्री० : सा १४

–हिं : सर्व०कर्म०: (विकृत): बहु०पु० : आनहिं ११

–ु : वि० बहु० : एहु १०

सर्वनाम : संबंधवाचक [तथा संबंधवाचक विशेषण] :

प्रत्ययहीन रूप नहीं हैं।

प्रत्यययुक्त रूपों की स्थिति निम्नलिखित है :

–ो : सर्व० कर्म ० एक० पु० : जो ११

–हिं : सर्व० अधि० एक० पु० : जहि १४

–ा : वि० एक०स्त्री० : जा १४

सर्वनाम : प्रश्नवाचक [तथा प्रश्नवाचक विशेषण] :

प्रत्ययहीन प्रयोग केवल निम्नलिखित हैं :

कर्म०एक०पु० : का १०, काइं १२

प्रत्यययुक्त प्रयोग भी केवल निम्नलिखित हैं :

–सु : संबंध० (?) एक०पु० : कासु १४

–सुतणी : संबंध०एक०पु० : कासुतणी १२

सर्वनाम : निजवाचक [तथा निजवाचक विशेषण] :

कोई उदाहरण नहीं है।

विशेषण शब्दों की स्थिति नीचे दी जा रही है।

विशेषण :

प्रत्ययहीन प्रयोग निम्नलिखित है :

एक० ।बहु० पु०।स्त्री० : वाउल १२, सयल १३, सुठु १३, गोरइ १७ ।

प्रत्यययुक्त प्रयोग निम्नलिखित हैं :

–उ ।उं: एक० बहु।०पु : इसउ १०, आउंडउ ११,डहरउ ११, लांवउ १२, रात [उ] १२, उमातउ १२, ऊंचउ १२, दीहउ १३, जइसउं १४

–ु : बहु० पु० : सउ १३

[–ु।उ प्रत्यय ऐसे पुं० अकारान्त विशेषण शब्दों के साथ ही प्रयुक्त हुए हैं जो प्रत्यययुक्त विशेष्य के पूर्व, विशेष्य के रूप में स्वतः अथवा विशेष्य के अनंतर आए हैं।]

–ी : एक०स्त्री० : पुलूकी १२, अइसी १४, कइसी १४,अइसी १४

[–ी प्रत्यय अकारान्त।आकारान्त विशेषण शब्दों के साथ ही लगा है।]

–ा : बहु० पुं० : खूता १३

–ुं : बहु० पुं० : तहुं १३

[–ु प्रत्यय ऊपर आ चुका है, बहुवचन रूप देने के लिए उसके साथ –ं लगाया गया है।]

क्रिया रूपों की स्थिति नीचे दी जा रही है।

क्रिया : सामान्य वर्तमान :

–अइ : तृ०पु० एक० पुं०।स्त्री० : [सो] हइ ११, थइ ११, मोहइ ११, जाणइ ११, थइ ११, भ[ा]वइ १२, करइ १२. सोहइ १३, मोहइ १३, सुहावइ १४, भावइ १४, पइसइ १४, दीसइ १४

–इ : तृ०पु० एक०पुं० : आथि १३

–अति : तृ०पु० एक०स्त्री० : चालति १४

–अहि : तृ० पु० बहु० पुं० : चार्हहि १३

क्रिया : संभवानार्थ वर्तमान :

–अइं : तृ०पु० बहु० पुं० : झांखइं १०, देखइं १०

क्रिया : सामान्यभूत और भूत कृदन्त :

–इअउ : तृ०पु० एक०पुं० भूत कृदन्त : किअउ १२, माठिअउ १३

–ईनउ : तृ०पु० एक०पुं० भूत कृदन्त : दीनउ ११

–ई : ,, ,, ,, स्त्री० ,, : ढिठी १२

[सामान्यभूत अक०क्रियाओं के वचन और लिंग कर्त्ता के अनुसार तथा सक० के कर्म के अनुसार हैं।]

क्रिया : सामान्य भविष्यत् :

कोई उदाहरण नहीं हैं।

क्रिया : पूर्वकालिक कृदन्त :

एक ही उदाहरण है :

–ें: एक०: फरहरें पर १३

क्रिया : वर्तमान कृदन्त :

–अतु : तृ०पु० एक० पुं० : देखतु १२, दीसतु १३

–अंत : तृ०पु० बहु० पुं० : जोवन्त १२

क्रिया : भविष्यत् कृदन्त :

कोई उदाहरण नहीं है।

क्रिया : विधि :

–अउ : द्वि० पु० एक० पुं० : चाहउ १३
–उ : द्वि०पु० एक० पुं० : कोक्कु ११, कोकु १२

क्रियार्थक संज्ञा :

कोई उदाहरण नहीं है।

अव्यय शब्दों की स्थिति नीचे दी जा रही है।

अव्यय : स्थान सूचक :

–ु : एथु ११, तेथु १३

अव्यय : काल सूचक :

–ं : तं १४

अव्यय : स्थिति सूचक :

पर : फरहरें पर १३

अव्यय : कार्य प्रणाली सूचक :

कोई उदाहरण नहीं हैं।

अव्यय : संयोजक :

–उ।ो : जउ १०, जो ११
–ु : अनु ११

अव्यय : निषेध सूचक :

प्रत्ययहीन न : न११, न १३, न १४,
–उ : नउ ११, नउ ११
–ा : ना ११

[किन्तु न से ना छंद की मात्राओं को पूरा करने के लिए किया गया लगता है।]

अव्यय : निश्चय सूचक :

–इ : सयलइ १३
–हुं : णहुं १४
–उं : कानोडउं १०

अव्यय : संबोधन सूचक :

कोई उदाहरण नहीं है।

अव्यय : परिमाण सूचक :

कोई उदाहरण नहीं हैं।

अव्यय : प्रश्न सूचक :

कोई उदाहरण नहीं हैं।

चतुर्थ नखशिख

संज्ञा शब्दों की स्थिति नीचे दी जा रही है।

संज्ञा : कर्ता (मूल) :

एक० पुं०।स्त्री० : विभिन्न स्वरांत संज्ञा शब्द प्रत्ययहीन रूप में मिलते हैं :

पुं० : कछडा १७, वछडा १८, कंय्यू १७

स्त्री० : कंठी १६, टक्किणि १८

एक०पुं० अकारान्त संज्ञा शब्द –ु तथा –उ प्रत्ययों के साथ भी मिलते हैं :

–ु : सन्नाहु १७, संगउं १७, पहिरणु १७, जणु १८, जणु १८

–उ : पाखउ १८

ए०स्त्री० के कोई प्रत्यययुक्त रूप नहीं मिलते हैं।

बहु० पुं० अकारान्त शब्द प्रत्ययहीन रूप में मिलते हैं :

गन्न १६, टेल्ल १८, मंडन संडन १६, वोल्ल १८

बहु०स्त्री० के कोई प्रत्ययहीन प्रयोग नहीं मिलते हैं।

बहु०पुं० अकारान्त संज्ञा-शब्द –ा प्रत्यय के साथ मिलते हैं, यथा : हीआ१५

बहु० स्त्री० के प्रत्यययुक्त प्रयोग नहीं मिलते हैं।

संज्ञा : कर्ता (विकृत) :

कोई उदाहरण नहीं हैं।

संज्ञा : कर्म (मूल) :

एक० पुं० अथवा स्त्री०संज्ञा शब्द प्रत्ययहीन रूप में नहीं मिलते हैं।

एक०पुं० अकारान्त संज्ञा शब्द –ुप्रत्यय के साथ मिलते हैं : कय्यलु १६

एक०स्त्री० के कोई उदाहरण नहीं हैं।

बहु० स्त्री० संज्ञा शब्द प्रत्ययहीन रूप में मिलते हैं : वत्थु १७

बहु० पुं० के उदाहरण नहीं हैं।

संज्ञा : कर्म (विकृत) :

एक० पुं० अथवा स्त्री० के कोई उदाहरण नहीं हैं।

बहु० पुं० –ु प्रत्यय के साथ मिलता है : जणु १६

बहु०स्त्री० –ं प्रत्यय के साथ मिलता है : गोरीं १५

संज्ञा : करण :

प्रत्ययहीन रूप नहीं हैं।

एक० पुं० में दो प्रत्यय मिलते हैं :–ं तथा –ेण , जिनमें से दूसरा प्राचीन भारतीय आर्य भाषा का एकारान्त का प्र यय है।

–ं : मुहुं १५

–ेण : एकेणवि १६

एक० स्त्री० में–हि प्रत्यय मिलता है : कंयूयडिअहि १६

बहु० पुं० अथवा स्त्री० के कोई उदाहरण नहीं हैं।

संज्ञा : संप्रदान :

एक० पुं० अथवा स्त्री० के कोई उदाहरण नहीं हैं।

बहु० पुं० में –ा प्रत्यय मिलता है : टीहा १५

स्त्री० के कोई उदाहरण नहीं हैं।

संज्ञा : अपादान :

एक० पु० में –इं प्रत्यय मिलता है : पाखइं १८

संज्ञा : संबंध :

प्रत्ययहीन स मासिक रूप मिलते हैं :

एक०।बहु० पुं०।स्त्री० : अड्डा पाहु १५, अणंग संनाहु १७, कंयूयू विब्यहिं १७
चंद सवाणा १५, टेल्लि पुतु १५

एक० पुं० में –हि तथा –केरा मिलते हैं :

–हि का प्रयोग एक० संबंधी के साथ हुआ है : संझहि जोन्हहि संगउं १७

–केरा का प्रयोग बहु०संबंधी में –हिं प्रत्यय लगा कर किया गया है :
घाघरेहिं केरा पहिरणु १७

एक० स्त्री० के उदाहरण नहीं हैं।

बहु० पुं० में –हं प्रत्यय प्रयुक्त मिलता है, इसमें संबंधी भी बहु० है :
अक्खंदहं हीआ १५

बहु० स्त्री० के उदाहरण नहीं हैं।

संज्ञा : अधिकरण :

प्रत्ययहीन प्रयोग नहीं हैं।

एक० पुं० अकारान्त शब्द –ि ,–उ तथा –हु प्रत्यय के साथ मिलते हैं :

–ि : कंठि १६, अंगि १७

–उ : पाखउ १८

–ह : पाह १५

एक० स्त्री० के उदाहरण नहीं हैं।

बहु० पुं०।त्री० शब्द –हिं प्रत्यय के साथ मिलते हैं :

अंघिहिं १६, थणहिं १७, वियूयहिं १७

संज्ञा : संबोधन :

प्रत्ययहीन प्रयोग नहीं हैं।

एक० पुं० में –ु प्रत्यय के साथ मिलते हैं : टेल्लिपुतु १५

स्त्री० तथा बहु० के कोई उदाहरण न प्रत्ययहीन प्रयोगों के हैं और न प्रत्यय युक्त के।

सर्वनाम शब्दों की स्थिति नीचे दी जा रही है।

सर्वनाम : प्रथम पुरुष :

कोई उदाहरण नहीं हैं।

सर्वनाम : द्वितीय पुरुष :

केवल दो उदाहरण मिलते हैं जो कर्ता० (मूल) के हैं और प्रत्ययहीन हैं :

कर्ता (मूल) एक०पुं० : तुहुं १५, तुहुं १५

सर्वनाम : तृतीय पुरुष [तथा अनिश्चयवाचक सर्वनाम एवं संकेतवाचक विशेषण]:

प्रत्ययहीन प्रयोग कोई नहीं हैं।

प्रत्यययुक्त प्रयोग विभिन्न कारकों में निम्नलिखित हैं :

–ो : कर्ता० (मूल)।कर्म० (मूल) एक०पुं०।स्त्री० :सो १५, सो १५, सो १७

–े : कर्म० (विकृत) बहु०पुं० : ते १७

–ें : कर्म० (विकृत) बहु०पुं० : जें १५

–सु : संबंध० एक०स्त्री० तसु १८

करण, संप्रदान, अपादान, अधिकरण और संबोधन कारकों के उदाहरण नहीं हैं।

सर्वनाम : संबंधवाचक [तथा संबंधवाचक विशेषण] :

प्रत्ययहीन रूप नहीं हैं।

प्रत्यययुक्त रूपों की स्थिति इस प्रकार है :

–ो : सर्व० कर्म० (मूल) तथा वि० एक०पुं० : [जो?] १५, जो १६, जो १७, जो १७

–े : वि० बहु० पुं० : जे १७

सर्वनाम : प्रश्नवाचक [तथा प्रश्नवाचक विशेषण] :

कोई उदाहरण नहीं हैं।

सर्वनाम : [तथा निजवाचक विशेषण]।

कोई उदाहरण नहीं हैं।

विशेषण शब्दों की स्थिति नीचे दी जा रही है।

विशेषण :

प्रत्ययहीन प्रयोग निम्नलिखित हैं :—

एक०।बहु०, पुं०।स्त्री० : केह १५, दुइ १६, पर १५, सब १७

प्रत्यययुक्त प्रयोग निम्नलिखित हैं :

–ु : एक०।बहु० पुं० : एक्कु १५, सउ १६

[–ु प्रत्यय अकारान्त विशेषण शब्दों में लगता है, जो विशेष्य के प्रत्यययुक्त होने पर, स्वतः विशेष्य के रूप में अथवा विशेष्य के अन्तर आते हैं।]

–ा : एक०पुं० : केहा १५, तेहा १५, वद्धा १५, [ड]हरा १६, दित्ता १६, मत्ता १६, वेरंगा १७, एहा १९ सुहावा १८

–ी : एक०स्त्री० : जलाली १६, एही १८

[यह –ी अकारान्त।आकारान्त विशेषण शब्दों में लगा है]

–ा : बहु०पुं० : सवाणा १५,एहा १६, तेहा १६, इतरा १८, संदा १८

–ें : बहु० पुं० (विकृत) : आधूघाडें १७

[इस प्रत्यय का उपयोग विशेषण के विकृत रूप-निर्माण के लिए किया गया है।]

क्रिया रूपों की स्थिति नीचे दी जा रही है।

क्रिया : सामान्य वर्तमान :

–अहि : द्वि०पु० : झांखहि १५, आख[हि] १५

–अइ : तृ०पु० एक०पुं०।स्त्री० : भिज्जइ १५, सोहइ १६, मोहइ १६, धावइ १८, परइ १८, सोहइ १८, चाहइ १८

–अंहि : तृ०पु० बहु० पुं० : सोहंहि १६, दीसंहि १७, उवीसंहि १७

–अ : तृ० पु० बहु० पुं० : पर १८

क्रिया : संभावनार्थ वर्तमान :

–उ : द्वि०पु० एक० पुं० : वेहु १५, वेहु १५

–इज्जइ । –इय्यइ : तृ० पु० एक० पुं० : वन्निज्जइ १५, किय्यइ १५, मंडिय्यइ १६

क्रिया : सामान्य भूत और भूत कृदन्त :

–ऊ : तृ०पु० एक० पुं० सामान्य भूत : हू १७

–ओ : वही वही : हो १७

–ए : तृ०पु० बहु० पुं० सामान्य भूत : परे १६

[सामान्यभूत अक०क्रियाओं के वचन और लिंग कर्त्ता के अनुसार तथा सक० के कर्म के अनुसार हैं।]

क्रिया : सामान्य भविष्यत् :

कोई उदाहरण नहीं हैं।

क्रिया : पूर्वकालिक कृदन्त :

—अ : एक० ।बहु० : मल १८, मल १८

—इ : एक० बहु० : [नि] हालि १६, करि १६, डहि १६, निहालि १७, डहि १८, डहि १८, निहालि १८

क्रिया : वर्तमान कृदन्त :

—अति : तृ० पु० एक० स्त्री० : पइसति १८, वानति ३२

—अंद : तृ० पु० बहु० पुं० : अक्खंदहं १५

क्रिया : भविष्यत् कृदन्त :

कोई उदाहरण नहीं हैं।

क्रिया : विधि :

—उ : द्वि०पु० एक०पुं० : वेहु १८

क्रियार्थक संज्ञा :

कोई उदाहरण नहीं हैं।

अव्यय शब्दों की स्थिति नीचे दी जा रही है।

अव्यय : स्थान सूचक :

—ु : एथु १५

अव्यय : स्थिति सूचक :

कोई उदाहरण नहीं हैं।

अव्यय : कार्यप्रणाली सूचक :

कोई उदाहरण नहीं हैं।

अव्यय : संयोजक :

—ं : नं १७, नं १७

अव्यय : निषेध सूचक :

कोई उदाहरण नहीं हैं।

अव्यय : निश्चय सूचक :

—ू : मयणू १६

इ : गोरइ १७

वि : एक्केणवि १६

हिं : घाघरेंहिं १७

तु : तु १८

अव्यय : संबोधन सूचक :

कोई उदाहरण नहीं हैं।

अव्यय : परिमाण सूचक :

